हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026

04 चंद्रग्रहण के कारण 4 को धुलेंडी, होलिका दहन से...



07 जिला अस्पताल में फिजूल सीटी स्कैन पर...






## खबर संक्षेप

### अवकाश में बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 07, 14, 21, 28 मार्च शनिवार व 01 मार्च, 08 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, 03 मार्च होली, 19 मार्च गुड़ी पड़वां, 20 मार्च जमात- उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमी तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ता राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

### सीवन की सेवा करने ले रहे संकल्प

**सीहोर।** शहर की सीवन जो कि शहर एवं आसपास के लगे गांवों के लिए जीवन दायिनी है इसके पानी से नल-कूप,बोर, कुआं-बावड़ी आदि रिचार्ज होते हैं,सीवन का पूर्ण उद्घार का संकल्प लेकर सिद्धपुर सीवन उद्घार समिति के सदस्य विगत कई सालों से सीवन का मुद्दा उठाते आए है, जिसके परिणाम स्वरूप 2024 एवं 2025 में नगर पालिका परिषद,सीहोर ने गहरीकरण का काम करवाया है, लेकिन अभी भी बहुत काम बाकी है, नदी पूर्ण रूप में स्वच्छ है लोग कचरा एवं पूजन सामग्री का सामान लगातार सीहोर में प्रवाहित कर रहे है। जबकि पूजन सामग्री का वाहन में रखा गया है, माँ सीवन से पुत्र का रिश्ता कायम करवाने हेतु मैं पुत्र सीवन का अभियान चल रहा है, जिसके तहत संकल्प दिलाया जाता है कि जिस तरह से जन्म देने वाली मां की हम देखमाल एवं सेवा करते है उसी प्रकार से हम जीवन दायिनी माँ सीवन का ध्यान रखेंगे,न हम अस्वच्छ करेंगे न किसी को अस्वच्छ करने देंगे। लोग बढ़चढकर इस अभियान से जुड़ रहे है, आम लोग चाहते है कि इस साल भी पूर्व सालों की तरह जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद,सीहोर गहरीकरण, सौंदर्यकरण एवं स्वच्छता के लिए आगे आए । इस अभियान से प्रदीप चावड़ा,महिपाल जैन,अश्विन नामदेव,कैलाश चव्हाण,आकाश माथुर,शुभम चौरसिया,जितेंद्र राठौर,हिमालय गोहिया,सेवा यादव,जोरावर सिंह,दिनेश कुमार शर्मा,विजेंद्र जायसवाल,मनोज कन्नौजिया, आलेख राठौर,परम संधु,सुमित ताम्रकार,महेंद्र वर्मा अदि भूमिका निभा रहे।

### होली के रंग में रंगा शहर, 150 जगह पर होलिका दहन किया

# चंद्रग्रहणः सूतक के कारण आज नहीं कल शहर में जमकर उड़ेगा रंग और गुलाल

शहर में महादेव की होली की धूम है जिसके चलते कई जगह पलाश के फूलों से रंग तैयार किए जा रहे हैं। वहीं बाजारा में भी केमिकल युक्त रंगों की मांग कम होने से दुकानों पर अच्छी क्वालिटी के रंग मिल रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में सोमवार को होलिका दहन किया गया। मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण लगे सूतक के चलते बुधवार को रंग उत्सव मनाया जाएगा। शहर में 150 से अधिक स्थानों पर होलिका का दहन किया गया। इसके अलावा छोटे रूप में कई स्थानों पर होलिका दहन किया गया। इसके साथ ही धुलंडी पर शहर में होली नहीं खेली जाती है। इस दिन सिर्फ गमी वाले घरों में ही होली का रंग डालने समाजजन, मित्र और रिश्तेदार पहुंचते हैं। वहीं दूज पर शहर में होली खेली जाएगी। जो इस बार बेहद ही खास होगी। शहर में 5 मार्च को महादेव की होली खेली जाएगी। जिसके लिए भी विशेष तैयारियों की जा रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि केमिकल युक्त रंग-गुलाल का उपयोग न किया जाए। शहर में महादेव की होली की धूम है जिसके चलते कई जगह पलाश के फूलों से रंग तैयार किए जा रहे हैं। वहीं बाजारा में भी केमिकल युक्त रंगों की मांग कम होने से दुकानों पर अच्छी क्वालिटी के रंग मिल रहे हैं। इसके साथ ही अब गुलाल की होली की भी परंपरा बड़ी है। बाजार में अच्छी खुशबू और बिना केमीकल की गुलाल उपलब्ध है। जिसका उपयोग लोग कर रहे हैं।

### बाजार में जमकर हुई खरीदी

सोमवार को होली पर्व की बाजार में रौनक देखी गई। लोगों ने रंग-गुलाल के साथ बच्चों के लिए पिचकारियां भी खरीदी। बाजार में होली पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले से ही रंग और गुलाल की दुकानें सज गई थी। होली पर स्वांग रचने के समान की भी जमकर बिक्री हुई। वहीं मावा और मिठाइयों की दुकान पर अच्छी भीड़ देखी गई।

### कल निकलेगी हुरियारों की टोली उड़ेगा रंग-गुलाल

बुधवार को हुरियारों की टोली शहर में जगह-जगह जमकर रंग- गुलाल उड़ाएगी। इसके अलावा गमी वाले घरों पीड़ति परिवारों को हुर्रियारे सहित रिश्तेदार गुलाल लगाने उनके घर पहुंचेगे। साथ ही विभिन्ना समाजों की गैर भी निकलेगी। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि होली पर्व पर कोई भी नशे का सेवन कर वाहन न चलाए। पर्व पर पिकनिक स्पाट पर भी पूरी सावधानी के साथ पिकनिक



मनाएं। सभी पिकनिक स्थानों पर पुलिस नजर रखेगी। शहर में भी पुलिस व्यवस्था रहेगी। हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायतों के निराकरण में केवल औपचारिकता नहीं बल्कि आवेदक की संतुष्टि जरूरी: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की एक-एक कर विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से कारण पूछते हुए तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न हो, बल्कि आवेदक की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए।

संकल्प से समाधान अभियान की योजनावार समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक नागरिकों के प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकायों की प्रगति की समीक्षा के दौरान भैरूंदा के सीएमओ के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि वे गत टीएल बैठक में भी बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर पाए गए थे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बैठक एवं शिविरों में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वनाधिकार पट्टों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एफआरए के तहत कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तित करने की प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई, सीमांकन एवं अभिलेख अद्यतन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने से ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा। वन खण्डों के व्यवस्थापन की समीक्षा में भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रकरणों का निराकरण लंबित न रखा जाए तथा सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने बालिकाओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से सुरक्षित रखने हेतु HPV (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का प्रभावी रूप से संचालन करने के संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी लक्षित बालिकाओं का टीकाकरण सुनिचित किया जाये। कलेक्टर द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई कि वे 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की अपनी बालिकाओं को यह टीका अवश्य लगवाएं। वर्तमान में यह टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क किया जा रहा है, जबकि बाजार में इसकी अनुमानित कीमत लगभग 4000 रूपये है। जिले में जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टीकाकरण किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, जमील खान, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़ सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। तहसील एवं जनपद स्तरीय अधिकारी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# खाद्य विभाग की औपचारिकता, दिवाली वाली रिपोर्ट का अब तक पता नहीं होली से ठीक पहले नमूने लिए

**शहर के आधा दर्जन रेस्टोरेंट्स और नमकीन सेंटरों पर पहुंची टीम त्योहार पर मिलावट रोकने की खानापूर्ति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

त्योहार आते ही प्रशासन का खाद्य विभाग एक बार फिर नींद से जागा है। होली के ठीक पहले मिलावट रोकने के नाम पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न होटलों और रेस्टोरेंट्स पर दबिश दी।

हालांकि इस कार्रवाई को आमजन महज औपचारिकता मान रहे हैं, क्योंकि दीपावली के समय लिए गए नमूनों की रिपोर्ट का आज तक खुलासा नहीं हो सका है।कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर टीम ने सीहोर और श्यामपुर के कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। शहर के मेवाड़ा रेस्टोरेंट, बालाजी रेस्टोरेंट, सरकार रेस्टोरेंट, यादव रेस्टोरेंट, श्याम रेस्टोरेंट और पूर्वा नमकीन सेंटर से खाद्य सामग्रियों के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए हैं। इसी तरह श्यामपुर में भी टीम ने दुकानों की जांच की और



सैंपल लिए।पिछली रिपोर्टों का क्या हुआखाद्य विभाग की इस सक्रियता पर जनता सवाल उठा रही है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि विभाग केवल त्योहारों के समय फोटो खिंचवाने और औपचारिकता पूरी करने के लिए सैंपल लेता है। दीपावली के समय भी जिलेभर से भारी मात्रा में नमूने लिए गए थे, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उनकी लैब रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। होली पर मिलावट का खतराहोली के दौरान मावा, पनीर, घी और नमकीन की खपत बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। प्रशासन का दावा है कि इन नमूनों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, लेकिन जब तक रिपोर्ट आती है, तब तक मिलावटी सामान बाजार में बिक चुका होता है।

### 94 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 02 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 94 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है।

# नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ में श्रध्दालुओं ने अर्घ्य किए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर जी महाराज एवं नवाचार मुनि श्री उपसम सागर महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से 24 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वावधान मे सकल जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के छठवें दिवस श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से 6 महा अर्घ समर्पित कर सिध्दो की आराधना कर धर्म लाभ



अर्जित किया । जिसमें सकल समाज ने अपने पुण्य को उदय करते हुए शुभारंभ किया। जिसमें बहुत से लोगों ने अपनी चंचल लक्ष्मी का उपयोग करते हुए अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य जितेन्द्र कुमार बदामीलाल जैन लिलेहरिया एवं दीपक कुमार दीपाशुं गोलू जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। प

रति दिन प्रातः 6:30 बजे से मंगलाष्टक और अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन अर्चना नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान पंडित कपिल जैन के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने भक्ति भाव धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है। दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष अजय जैन ने समस्त श्रध्दालुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे पुनीत धार्मिक अनुष्ठान मे उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करे।

### महादेव की होली में केवल गुलाल और फूल का होगा प्रयोग

# पांच मार्च को उत्साह के साथ मनाई जाएगी महादेव की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दुनिया में भारत अपने त्योहारों के लिए एक अलग पहचान रखता है, यूं तो हर त्योहार प्रेम और सद्भावना से जुड़े हैं। महादेव की होली अब शहर ही नहीं पूरे देश की पहचान बन गई है। हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में काशी, मथुरा और बरसाने की तर्ज पर होगी सीहोर में महादेव की होली, इसकी तैयारियां पूरे शहर में की जा रही है। शहर 5 मार्च को भक्ति और आस्था के अनुपम रंग में रंगने जा रहा है। महादेव की होली इसलिए खास है कि महादेव की होली में केवल गुलाल और फूल का प्रयोग किया जाता है। महादेव की होली में पानी डालना या पानी में घोला गया रंग डालना वर्जित है। क्योंकि शिव भक्त दूर-दूर से आते हे जिनको वापस घर जाने पर दिक्कत होती है इसलिए पानी का प्रयोग वर्जित रहता है। केवल गुलाल और फुल ही प्रयोग किए जाते है। महादेव की होली शिव और गुरु के साथ खेली जाने वाली होली हे जो ये बताती हे की बड़ो के पास बैठोगे तो जीवन खुशियों के रंग से भर जाएगा। महादेव की होली शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर शिव मंदिर पर ही विराम होती है। महादेव की होली सिद्धपुर नगर सीहोर का गौरव हे जिसका इंतजार महिला पुरुष बच्चे बूड़े सब को रहता है। महादेव की होली शिव की होली हे पूज्य गुरुदेव बताते है कि केवल शिव ही एक ऐसे है जिनका रंग चड गया तो फिर उतरता नहीं हे बाबा खुशियों के रंग से जीवन को भर देते है। महादेव की होली गुरु के साथ पांच शिव मंदिर में होने वाली होली है। होली का पर्व शहरवासियों का है, इसमें छावनी, मंडी, गंज, कस्बा सहित अन्य के क्षेत्रवासी आस्था के साथ महादेव की होली खेलते है।

### एक लोटा केसरिया रंग करें समर्पित

इस संबंध में संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुदेव भागवत भूषण पं. प्रदीप मिश्रा के संदेश के अनुसार होली का एक अपना ही आनंद है। इस वर्ष पूरे देश के साथ शहर में भी महोदव की होली आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। गुरुदेव के संदेश के अनुसार प्रत्येक शिव मंदिर में मातृ शक्ति के अलावा सभी श्रद्धालु भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। इसके साथ केसरिया रंग एक लोटे में भरकर भगवान को समर्पण करेंगे और उसके बाद पूरे उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया जाएगा। धरती पुत्र भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि उत्साह पूरी शांति के साथ मनाए। महादेव की होली में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं पर सिर्फ गुलाल और फूलों से उनका स्वागत करे। महादेव की दिव्य होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। ब्रज की होली की तरह ही अब सीहोर की महादेव होली भी देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है। यह आयोजन



अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश और मार्गदर्शन में संपन्न होगा। पंडित मिश्रा के आह्वान के बाद देशभर से श्रद्धालु इस पावन उत्सव में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। 5 मार्च को सुबह 9 बजे छावनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से होली की शुरुआत होगी। यहां केसरिया रंग और गुलाल से महादेव के साथ होली खेली जाएगी। इसके बाद शहर के अन्य मंदिर गुप्तेश्वर महादेव, पिपलेश्वर महादेव, नर्मदेश्वर महादेव होते हुए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। शिव भजनों, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजती रहेगी। मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर विशेष आरती के साथ आयोजन का समापन होगा। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि दुनिया ब्रज की होली देखती है, लेकिन महादेव होली का दर्शन कर आस्था के नए आयाम को अनुभव करने का अवसर है।

# वेटलिफ्टिर पाराशर हरियाणा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी 14 मार्च से हरियाणा के लोहारू में खेली जाने वाली मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री पाराशर ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार 5 वर्षों से स्वर्ण पदक जीत आ रहे है और उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इस वर्ष भी वह शानदार प्रदर्शन कर देश में अपने प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे और 65 से 69 आयु वर्ग में एवं 85 किलो भार वर्ग में मध्य प्रदेश को पदक दिलाने का प्रयास करेंगे इससे पहले तीन बार विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं एवं दो स्वर्ण पदक कॉमनवेल्थ में एवं एक स्वर्ण पदक एशियन गेम्स में प्राप्त कर चुके हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने 12 मार्च को भोपाल से दिल्ली एवं दिल्ली से लोहारू के लिए प्रस्थान करेंगे। 66 वर्षीय मोहन पाराशर का कहना है जब तक जीवित हूं देश को पदक दिलाने का प्रयास करता रहूंगा। मात्र 13 साल की उम्र में जिला स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक गोल्ड हासिल करने वाले 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने ग्राम बिलकिसगंज का नाम विश्व पटल में रोशन किया है। आज भी युवाओं जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले पाराशर आगामी दिनों में हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए रवाना होंगे।

## खबर संक्षेप



### न्यायाधीश ने किया उमेश को सम्मानित

**सीहोर।** सीहोर के युवा उमेश पंसारी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कुलगीत लेखन प्रतियोगिता में उनकी रचना को देशभर से आई प्रविष्टियों में सर्वश्रेष्ठ चुना गया और इसे विश्वविद्यालय का आधिकारिक कुलगीत घोषित किया गया। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में इस उपलब्धि के लिए उमेश को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता और विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. ऊषा टंडन ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और पचास हजार की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उमेश ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और वे आगे भी विधिक शिक्षा और सामाजिक कार्यों में अपना योगदान जारी रखेंगे। इस उपलब्धि पर शहर के कई अधिकारीयों, विभागों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गमी वाले घरों में आज डलेगा गुलाल

**सीहोर।** होली दहन के बाद मंगलवार को हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला पर सुबह नौ बजे सभी समाजजन एकत्रित होकर मिनी बस पर सवार होकर शहर के आस-पास गमी वाले परिवारों तक पहुंचकर गुलाल डालकर पर्व सद्भाव के साथ मनाए जाने का अनुरोध करेंगे। इसके लिए सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सभी विप्रजनों से सुबह धर्मशाला में सामूहिक रूप से उपस्थित होने की अपील की है। समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि हर साल सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में होली दहन के पश्चात इस परम्परा का आयोजन किया जाता है। मंगलवार की सुबह नौ बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में एकत्रित होकर समाजजन गमी वाले परिवारों के मध्य पहुंचेंगे।

### नगर और ग्रामीण अंचलों में सजी होगी, भाईचारे के रंग में रंगा भैरुंदा

# चंद्रग्रहण के कारण 4 को धुलेंडी, होलिका दहन से शुरू हुआ पांच दिवसीय उत्सव

महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में जगह-जगह एकत्रित होकर होलिका पूजन किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



रंगों के महापर्व होली पर इस वर्ष नगर सहित ग्रामीण अंचलों में आस्था, परंपरा और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। शहर में विभिन्न समितियों द्वारा 18 से अधिक स्थानों पर विधि-विधान से होलिका दहन संपन्न हुआ। दोपहर से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। सोमवार को दोपहर लगभग 3:30 बजे महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित होकर होलिका पूजन किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देर रात तक मोहल्लों और गांवों में रात्रि जागरण, फाग गीत और ढोल-मंजीरों की थाप पर श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते नजर आए। मंगलवार तड़के लगभग 5 बजे शुभ मुहूर्त में विधिवत होलिका दहन किया गया। चंद्रग्रहण के कारण इस वर्ष धुलेंडी 4 मार्च को मनाई जाएगी। पांच दिवसीय होली पर्व की शुरुआत के साथ ही पूरे नगर में उत्सव का रंग चढ़ गया है। अंतिम दिन रंग पंचमी पर फागोत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य गैर निकाली जाएगी, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गैर गांधी चौक छोटा बाजार से प्रारंभ होकर रॉयल मार्केट, जेपी मार्केट, नीलकंठ रोड, बस स्टैंड और दुर्गा मंदिर चौराहा होते हुए शासकीय स्कूल तक पहुंचेगी।

डीजे, ढोल-ताशों और पारंपरिक वेशभूषा में सजी युवाओं की टोलियां इस गैर की शोभा बढ़ाएंगी। आयोजकों के अनुसार इस बार बड़ी संख्या में नगरवासी सहभागिता करेंगे, जिससे यह आयोजन यादगार बनने की उम्मीद है। होलिका दहन के दौरान श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार नारियल, नमक और गेहूं सेंककर घर ले जाकर लाल कपड़े में बांधकर सुरक्षित रखा। इसे समृद्धि, सुरक्षा और नकारात्मक शक्तियों से रक्षा का प्रतीक माना जाता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया गया। विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिलकर पर्व मनाया, जिससे नगर में सौहार्द और एकता की मिसाल देखने को मिली। इधर बाजारों में भी होली की रंगत परवान चढ़ने लगी है। नगर के प्रमुख बाजार—जेपी मार्केट और रॉयल मार्केट सहित अन्य क्षेत्रों में रंग-बिरंगी पिचकारियां, गुलाल, अबीर और सजावटी सामग्री से दुकानें सजी हुई हैं। हालांकि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार शुरुआती दिनों में बाजारों में अपेक्षित चहल-पहल कुछ कम नजर आई, लेकिन बच्चों में पिचकारियों को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। कार्टून कैरेक्टर, टैंक, प्रेशर गन और एलईडी लाइट वाली पिचकारियां 50 से 300 रुपये तक की रेंज में उपलब्ध हैं। अभिभावकों के साथ बच्चे अपनी पसंद की पिचकारी और रंग खरीदते नजर आए। व्यापारियों को उम्मीद है कि होली के दिन ओर रंग पंचमी नजदीक आते ही बिक्री में तेजी आएगी।

इस वर्ष हर्बल गुलाल, ऑर्गेनिक और केमिकल-मुक्त रंगों की मांग में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। त्वचा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिक प्राकृतिक रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी दुकानें भी सज गई हैं, जहां रंग-गुलाल की बिक्री जारी है। विक्रेताओं का कहना है कि लोग अब सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की ओर अधिक रुझान दिखा रहे हैं। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए। सोमवार को होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना भैरूंदा और गोपालपुर



पुलिस के जवान तैनात किए गए। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी एवं महेन्द्र सिंह गौड़ स्वयं मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। प्रमुख स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाई गई ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

# राष्ट्रीय पशुपालक संघ ने ज्ञापन देकर की पीड़ित को मुआवजा देने की मांग

**जहरीली हल्दी से गई थी 200 भेड़ों की जान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय पशुपालक संघ द्वारा दो सौ भेड़ों की मौत से पीड़ित पशुपालक को पर्याप्त मुआवजा देने और जहरीली हल्दी बेचने वाले दुकानदार पर सख्त कानूनी कार्रवाही किए जाने की मांग प्रशासन से की गई। राष्ट्रीय पशुपालक संघ के अध्यक्ष जवाहर देवासी के नेतृत्व में सोमावर को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर पशु पालकों और संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर जमील खान को दिया। पारंपरिक रूप से वर्षों से मौसमी चाराई के लिए राजस्थान से गरीब पशुपालक अपने पशुओं के साथ मध्य प्रदेश पहुंचते रहे है।

इसी प्रकार राजस्थान के जालोर जिले के गा्रम बादनवाड़ी, तहसील आहोर से 250 भेड़ों के झुंड को लेकर नागाराम, पिता हकमा देवासी और ग्राम काम्बा से हरतिगा राम, पिता रूपाराम देवासी सीहोर जिले के आष्टा तहसील के ग्राम मैना थाना पार्वती के पास ठहरे हुए थे। बीते माह 24 फरवरी को आष्टा हाट बाजार से एक व्यापारी के माध्यम से पशुपालको ने हल्दी खरीदी और भेड़ों को खिलाई दी। हल्दी खिलाने के कुछ ही समय बाद भेड़ों में तेज बुखार, मुंह से झाग आने लगा। भेड़ कमजोरी से गिर कर तड़पने लगी और उपचार के प्रयासों के बावजूद 200 भेड़ों की मृत्यु हो गई। पशुपालक की लगभग 50 भेड़ें गंभीर रूप से अभी भी बीमार बनी हुई हैं जिनकी स्थिति चिंताजनक है। मिलावटी जहरीली हल्दी के कारण यह दुखद घटना घटित हुई। गरीब पशुपालक परिवारों पर अत्यंत गंभीर आर्थिक एवं मानसिक आघात लगा है। इतनी बड़ी संख्या में भेड़ों की मृत्यु से पशुपालकों को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। राष्ट्रीय पशुपालक संघ ने घटना की तत्काल निष्पक्ष जांच कर संबंधित दोषी व्यापारी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने,पशु चिकित्सा एवं राजस्व विभाग द्वारा मौके पर सर्वे कर मृत भेड़ों का पंचनामा तैयार कराया जाने, मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र शासन की पशुपालक भेड़पालक सहायता योजनाओं के अंतर्गत प्रति मृत भेड़ के अनुसार उचित मुआवजा राशि शीघ्र स्वीकृत कर प्रदान करने और शेष बीमार भेड़ों के समुचित उपचार के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाने की मांग की है।

### राशन वितरण और ईकेवाईसी में अनियमितताएं करने वाली 13 राशन दुकानों पर कार्रवाई, 8 पर प्रकरण दर्ज, 5 को नोटिस जारी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने, राशन हितग्राहियों की ईकेवाईसी करने और अनियमितताओं को रोकने के लिए खाद्य विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राशन वितरण कम होने, प्रतीक्षारत परिवारों की ईकेवायसी नही करने, दुकाने नियमित नहीं खोलने और अनियमितताएं करने पर जिले की कई उचित मूल्य दुकानों पर कार्रवाई की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा फरवरी माह में आष्टा के वार्ड 15 स्थित बालाजी उपभोक्ता भंडार पर अनियमितता पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया। ईकेवायसी नहीं करने और 75 प्रतिशत से कम वितरण करने पर सिद्दीकगंज, कन्नौद मिर्जी, देवेनखेड़ी, सांगाखेड़ी, सिंगार चोरी, नवरंगपुर और बड़घाटी की शासकीय उचित मूल्य दुकानों को नोटिस जारी किया गया है और कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम चिकली, खिडियाकुर्मी, चींच, गुलरपुरा एवं मंजीखेड़ी की उचित मूल्य दुकानों पर भी प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# रघुवंशी समाज ने लिया निर्णय: गमी वाले घर पर बताशा व बर्तन की प्रथा पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सोमवार को ग्राम हैदरगंज घन सौदा में सीहोर जिले के सभी रघुवंशी समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक के दौरान समाजनों ने निर्णय लिया कि होली के त्योहार पर गमी वाले घर पर बताशा और बर्तन की प्रथा जो सालों से चलती आ रही थी, उसको पूर्ण रूप से बंद किया जाएगा। समाज के वरिष्ठजनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि त्योहारों के नाम पर बढ़ती फिजूलखर्ची और उपहारों के लेन-देन की प्रतिस्पर्धा से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है।

बर्तन प्रथा जैसी कुरीतियां समाज में भेदभाव पैदा करती हैं। समाजनों का मानना है कि इस प्रकार के कड़े निर्णयों से न केवल समाज में समानता आएगी, बल्कि युवाओं को भी फिजूलखर्ची से दूर रहने की प्रेरणा मिलेगी। इसी के चलते रघुवंशी समाज के लोगों ने बैठक के दौरान प्रथा को बंद करने को लेकर अपनी सहमति दी। सहमति प्रदान करने में सीहोर जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी, पूर्व सरपंच युवा जिला अध्यक्ष हरिओम रघुवंशी, मांगीलाल रघुवंशी, बाबूलाल रघुवंशी, रामकिशोर, रघुवंशी मोर सिंह रघुवंशी, रामकिशन रघुवंशी, सुरेश रघुवंशी, भैया लाल रघुवंशी, प्रेम सिंह रघुवंशी, हरि सिंह रघुवंशी, शिवनारायण रघुवंशी, कुमेर सिंह रघुवंशी, रामभरोस रघुवंशी, द्वारका प्रसाद रघुवंशी, रूप सिंह रघुवंशी, दिलीप सिंह, लखनलाल रघुवंशी, कैलाश सहित अन्य रघुवंशी समाज के लोगों ने सहमति प्रदान की।

# जिला प्रेस क्लब का पत्रकार परिवार सम्मेलन और सम्मान समारोह होगा, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर नगर में पहली बार जिला प्रेस क्लब का पत्रकार परिवार सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिष्ठित स्व. अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन भी इसी दिन किया जाएगा। संयुक्त रूप से होने वाले इन दोनों आयोजनों को लेकर रविवार को जिले के भैरूंदा स्थित रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने आयोजन और स्व. अंबादत्त भारतीय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय की स्वीकृति से इस बार पत्रकार परिवार सम्मेलन तथा अंबादत्त भारतीय स्मृति सम्मान समारोह 2026 का संयुक्त आयोजन भव्य रूप से 22 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए ही बैठक का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में आप सभी पत्रकार साथियों को सपरिवार अपनी उपस्थिति दर्ज कराना है। बैठक में नगर के दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे और सभी ने एकजुटता के साथ समारोह में उपस्थित रहने और उसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

गौरतलब है कि जिला प्रेस क्लब में जिले के विभिन्न संगठनों से जुड़े लगभग सभी पत्रकार सदस्य हैं और यह मंच पत्रकारों की एकजुटता का प्रतीक है। सभी पत्रकारों से 22 मार्च को सीहोर पहुंचने की अपील की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज दीक्षित मामा ने अपने संबोधन में पत्रकारों को संगठित रहने, मर्यादित भाषा का प्रयोग करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने की समझाइश दी। वहीं वरिष्ठ पत्रकार एआर शेख मुंशी ने भी अपने उद्बोधन में पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए एकता और नैतिक मूल्यों पर बल दिया। बैठक को पत्रकार लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने भी संबोधित किया। अंत में सभी पत्रकारों ने स्वर्गीय अंबादत्त भारतीय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### खाटू श्याम मंदिर में खेली गुलाल व फूलों की होली, इत्र वर्षा का लिया आनंद

**सीहोर।** सेकडाखेड़ी बाईपास स्थित श्यामेश्वर धाम सीहोर, खाटू श्याम मंदिर में भजन संध्या के संग श्याम की होली फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक उत्सव जहाँ श्याम नाम की गूंज, भजनों की रसधार और रंग-गुलाल व फूलों की होली का अद्भुत आनंद लिया गया। विशेष आकर्षण में इत्र वर्षा, गुलाल और फूलों की होली खेली गई वहीं रुद्राक्ष का वितरण भी किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के आयोजक खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी थे जिन्होंने सिद्धपुर की पावन धारा पर घर घर तक श्याम नाम की भक्ति पहुंचाई है इस पावन अवसर पर हमारे बीच मंदिर प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, मंदिर समिति अध्यक्ष जगदीश सोलंकी, मंदिर मुख्य संरक्षक मांगीलाल सोलंकी, मंदिर सह सचिव मनीष सोलंकी ,यश सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंदिर प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी से 02 मार्च तक सीहोर नरेश के दरबार में फाग उत्सव मेला भी आयोजित किया गया जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।



### जिला पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मसल फैक्ट्री का शानदार प्रदर्शन

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

विगत 01 मार्च को जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मसल फैक्ट्री जिम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी मजबूत पहचान बनाई। प्रतियोगिता में जिम के खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन कियाइस उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप टीम के चयनित खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ हैमसल फैक्ट्री जिम में खिलाड़ियों की नियमित और सघन तैयारी शुभम सराठे, हिमांशी पंजाबी और अजय तोमर के मार्गदर्शन में कराई गई प्रशिक्षकों की तकनीकी समझ, अनुशासित अभ्यास और निरंतर प्रेरणा का ही परिणाम रहा कि खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कियाटीम प्रबंधन ने बताया कि आगामी प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को और बेहतर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया जा सके।




# प्रत्येक कार्यकर्ता का मान-सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी : मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी सीहोर की कामकाजी बैठक सलकनपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी एवं समस्त मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने सभी पदाधिकारियों के साथ प्रसिद्ध बिजासन माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत आयोजित बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक संगठनात्मक दायित्व को सजगता एवं पूर्ण निष्ठा के साथ निभाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं में निहित होती है। प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान महत्वपूर्ण है, इसलिए उनका मान-सम्मान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। बैठक में 'आजीवन सहयोग निधि अभियान' की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी मंडल अध्यक्षों से अभियान की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही मार्च माह में प्रत्येक मंडल में आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की तैयारियों एवं कार्ययोजना पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

## जरूरतमंद मरीजों को ही अब मिल रहा सीटी स्कैन, सरकारी पैसे का दुरुपयोग भी हुआ कम

300 प्रतिशत तक की आई कमी लाखों की बचत

# जिला अस्पताल में फिजूल सीटी स्कैन पर लगी लगाम

**जिला अस्पताल में लंबे समय से बिना ठोस कारण कराए जा रहे सीटी स्कैन पर आखिरकार लगाम लग गई है। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा की सख्ती और मॉनिटरिंग के बाद अनावश्यक सीटी स्कैन में करीब 300 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। इसका सीधा असर सरकारी खर्च पर पड़ा है और निजी कंपनी को मिलने वाले बिल में भारी कटौती हुई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जानकारी के अनुसार जहां वास्को सीटी स्कैन द्वारा जुलाई 25 में 1820, अगस्त में 1550 और सितम्बर में 1600 सीटी स्कैन हुआ करती थी और जिनका मासिक बिल 12 से 16 लाख के अंदर आया करता था, वहीं जनवरी 26 में 700 एवं फरवरी में 650 सीटी स्कैन रह गया है। कई मामलों में ऐसे मरीजों का भी सीटी स्कैन कर दिया जाता था, जिनके लिए एक्स-रे या सामान्य जांच ही पर्याप्त थी। अब सख्त स्क्रीनिंग और विशेषज्ञ की अनुमति के बाद ही सीटी स्कैन किया जा रहा है। नतीजा यह है कि मासिक बिल घटकर 4 से 5 लाख के बीच आ गया है।

अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह कटौती इलाज में कमी नहीं, बल्कि फिजूलखर्ची पर रोक है। गंभीर और जरूरतमंद मरीजों के सीटी स्कैन पहले की तरह जारी हैं। ट्रॉमा, ब्रेन हेमरेज, गंभीर सिर की चोट और जटिल मामलों में प्राथमिकता के आधार पर जांच की जा रही है। जानकारों का कहना है कि पहले मरीजों को एहतियात के नाम पर सीटी स्कैन की सलाह दे दी जाती थी, जिससे सरकारी बजट पर अनावश्यक बोझ पड़ता था और निजी एजेंसी को सीधा लाभ मिलता था। अब हर केस की चिकित्सकीय समीक्षा के बाद ही अनुमति दी जा रही है। सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य किसी भी मरीज को जांच से वंचित करना नहीं है, बल्कि मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार ही जांच सुनिश्चित करना है। जरूरतमंद मरीजों को समय पर सीटी स्कैन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कदम से न सिर्फ सरकारी खजाने को राहत मिली है, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता बढ़ी है।




### पहले और अब का अंतर

- पहले क्या हो रहा था?
- हर महीने 15 लाख रुपए से ज्यादा का बिल
- बिना ठोस कारण बड़ी संख्या में सीटी स्कैन
- निजी कंपनी को सीधा लाभ
- अब क्या बदला?
- 300 प्रतिशत तक की कमी
- मासिक बिल 4-5 लाख रुपए के बीच
- विशेषज्ञ की अनुमति के बाद ही जांच
- गंभीर मरीजों को प्राथमिकता

### कैसे लगी लगाम?

- सभी मामलों की चिकित्सकीय स्क्रीनिंग
- विभागीय मॉनिटरिंग शुरू
- अनावश्यक रेफरल पर रोक
- रिकॉर्ड की नियमित समीक्षा
- सरकारी अस्पताल में उठाया गया यह कदम बताता है कि सख्त निगरानी हो तो सरकारी धन की बचत के साथ मरीजों को भी बेहतर और जिम्मेदार इलाज मिल सकता है।

## परिजनों व समाज के लोगों ने जमकर धुलाई कर पुलिस को सौंपा

# पटवारी पर नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाने पर पास्को एक्ट में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक मकान मालिक महेश साहू पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों ओर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पटवारी महेश साहू (50) के घर में आसपास के गांवों की नाबालिग छात्राएं पढ़ाई के उद्देश्य से किराए पर रहती थीं। एक सप्ताह पूर्व आरोपी की पत्नी राजस्थान के छबड़ा अपने रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी, जिससे वह घर में अकेला था। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के गेट के ऊपर लगी जाली से मोबाइल के जरिए उसका वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए। छात्रा ने आरोपी को संदिग्ध स्थिति में देख लिया था, लेकिन परीक्षा के कारण और भयवश तत्काल किसी को कुछ नहीं बताया। बाद में उसने साथ रहने वाली छात्राओं को घटना की जानकारी दी और परीक्षा देने चली गई। शाम को परीक्षा से लौटने के बाद छात्राओं ने परिजनों को फोन कर पूरी बात बताई। रात करीब 9 बजे परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में आरोपी के घर पहुंच गए। जब उन्होंने आरोपी का मोबाइल चेक किया तो डिलीट किए गए वीडियो रीसाइकल बिन में मिल गए। यह देखते ही लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने आरोपी की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी के कपड़े तक फट गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को भीड़ से छुड़ाया। हालात इतने तनावपूर्ण थे कि पुलिस को आरोपी को पहले पैदल और फिर बाइक से थाने ले जाना पड़ा। देर रात तक थाने के बाहर लोगों की भीड़ जुटी रही और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता से जांच कर पास्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा।

खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित की गई समिति की बैठक

# हिंदू उत्सव समिति द्वारा निकाली जाएगी पारंपरिक गेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर में रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को हिंदू उत्सव समिति द्वारा पारंपरिक गेर निकाली जाएगी। इस गेर की रूपरेखा शनिवार रात्रि को शहर के खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित समिति की बैठक में तय की गई। बैठक में आगामी होली, धुलेंडी और रंगपंचमी पर्व के आयोजनों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति ने निर्णय लिया कि यह गेर 8 मार्च को सुबह 9 बजे मातामंड मोहल्ले स्थित माता शीतला मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी। यह सुठालिया रोड, मार्केट क्षेत्र, सुभाष चौक, जगात चौक, एसडीएम निवास, एबी रोड और पीपल चौराहा होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी। चिंताहरण हनुमान मंदिर पर महाआरती के साथ गेर का समापन होगा। गेर के दौरान रंग-गुलाल उड़ाए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल होंगे।

बैठक में गेर के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि बैठक में कई निर्णय लिए गए हैं। इसके अनुसार धुलेंडी पर्व 4 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 3 मार्च को ग्रहण होने के कारण उस दिन धुलेंडी नहीं मनाई जाएगी। 8 मार्च को निकलने वाली गेर के संयोजक गिरिराज शर्मा होंगे, जबकि रामेश्वर सोनी और सुनील जाटव सह-संयोजक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# त्योहार को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के सर्राफ मैरिज गार्डन पर शुक्रवार रात्रि में होली रंगपंचमी के त्योहार को लेकर आयोजित की गई जिसमे सभी की सहमति से यह तय किया गया की मंगलवार 3 मार्च के दिन चंद्रग्रहण होने से बुधवार 4 मार्च को रंग उत्सव धुलेंडी मनाई जावेगी साथ ही रंगपंचमी का त्योहार 8 मार्च रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमे परंपरागत गैर निकाली जावेगी जिसमे नगर परिषद द्वारा फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार की जावेगी साथ ही डीजे वा ढोल वा आयोजन को और भी आकर्षक बनाने के उज्जैन से कलाकारों को बुलाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा बालमुकुंद सर्राफ, रामगोपाल खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश महामंत्री और पदाधिकारियों का किया स्वागत



**ब्यावरा।** शनिवार रात प्रदेश संगठन पूर्व महामंत्री नित्यानंद की माता जी स्वर्गवास होने पर उनको श्रद्धांजलि देखकर अशोक नगर से लौट कर आने पर अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप शुक्रवारे अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुंदरलाल वर्मा खरगोन की दीदी पूर्व जिला मजिस्ट्रेट प्रमिला साधु छिंदवाड़ा की अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष दीदी ज्योति डहरिया गुना बाईपास होटल शिवानी में स्वागत किया गया।

# ग्राम पगारी बंगला में आर्मी के वीर सपूत का स्वागत



13 वर्षों की गौरवपूर्ण सैन्य सेवा के बाद गृह आगमन पर ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ग्राम पगारी बंगला उस समय देशभक्ति और गौरव की भावना से सराबोर हो उठा, जब राजपूत रेजीमेंट के वीर सपूत हवलदार शिवराज सिंह राजपूत के सेवानिवृत्ति उपरांत गृह आगमन पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। पुष्पवर्षा, साफा-पगड़ी एवं माल्यार्पण के साथ पूरे गांव ने अपने वीर पुत्र का अभिनंदन किया। जयघोषों से गूंजते वातावरण ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। समारोह में महाराज भगवान सिंह, महाराज बजरंग सिंह, महाराज गोपाल सिंह ऊमठ, सरपंच अशोकपाल सिंह, पूर्व सरपंच बरवा कन्हैयालाल दांगी, राव भूपेंद्र सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मध्य प्रदेश, भूपेंद्र सिंह अध्यक्ष करणी सेना नरसिंहगढ़, सरपंच सुरेश दांगी सहित अनेक गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे वीर सैनिकों के त्याग, अनुशासन और समर्पण के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और नागरिक निर्भय जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं।

हवलदार शिवराज सिंह राजपूत ने 24 सितंबर 2009 को इंडियन आर्मी में फतेहगढ़ स्थित राजपूत रेजीमेंट सेंटर से भर्ती होकर सैन्य जीवन की शुरुआत की। लगभग 13 वर्षों की सेवा के बाद 28 फरवरी 2026 को वे हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए। ऑटोमैटिक गनर के रूप में उन्होंने विभिन्न संवेदनशील मोर्चों पर तैनात रहकर अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

### कांगो में अंतरराष्ट्रीय दायित्व

वर्ष 2014-15 में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अंतर्गत उन्हें अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो भेजा गया। वहां उन्होंने शांति स्थापना अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए भारत की सैन्य प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ किया और विदेशी धरती पर भारतीय सैनिकों की वीरता का परचम लहराया।

## पहले दिन 30 बालिकाओं को लगी वैक्सीन

# कुरावर में निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। शुरुआत के पहले दिन ही 30 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। शासन द्वारा महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण शुरू किया गया है 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को ये टीके लगाए जा रहे है जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रहे। प्राइवेट सेक्टर में इसी टीके की कीमत बहुत ज्यादा है तथा आम आदमी की पहुंच से दूर है।

रविवार व सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में आयोजित इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एलपी भाकोरिया ने कहा है कि टीकाकरण में शामिल होने वाली बालिकाओं के माता पिता से अनुरोध है कि बालिका के आधार के साथ तथा आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के साथ पधारे स्वास्थ्य केंद्र पधारे तथा बच्चियों का भविष्य सुरक्षित बनावे। प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. नरेश गवली ने बताया कि यह वैक्सीन सिंगल डोज में लगाई जाएगी, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 4000 रुपये है। यह वैक्सीन गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) के कैंसर से बचाव के लिए है, जो महिलाओं में आम है। डॉ. गवली ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर प्रति लाख महिलाओं पर 165 महिलाओं में होने की संभावना रहती है। यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



होली, धुलेंडी, रंगपंचमी, शीतला सप्तमी एवं ईद त्यौहार को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने विचार विमर्श किया। एसडीओपी डीएस नागर, तहसीलदार आरपी सिंह गौड़ तथा सीएमओ हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी संतोष सिहं, बीएमओ सुनील चौरसिया की उपस्थिति में सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण भाईचारे के वातावरण में मनाने पर जोर दिया। जहां पर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत सप्लाई व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। रंग पंचमी पर त्रंबकेश्वर महादेव शिव चैक से गेर निकाली जाएगी शीतला सप्तमी पर रात्रि से ही शीतला माता मंदिर परिसर में पुलिस व्यवस्था सुचारू रखने के लिए निर्देश दिए।

## मुक्तिधाम को स्वच्छ सुंदर बनाने अध्यक्ष के साथ बैठकर बनाई कार्य योजना

# कपिलेश्वर मुक्तिधाम परिसर में पर्यावरण प्रेमियों ने की साफ सफाई व पौधों की देखरेख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों ने रविवार को कपिलेश्वर मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया के साथ मुक्तिधाम को कैसे सुंदर बनाया जाए और क्या कार्य किया जाए पर्यावरण प्रेमी दल के साथ अवलोकन किया। साथ ही जो बबुल के पौधे लगे हैं उनकी काट छांट करना उनको सुंदर बनाना और उसकी लकड़ी का उपयोग मुक्तिधाम में करना कुछ पौधे बिल्कुल सड़ गए हैं जिनको गिरने का डर है उनको जड़ से कटवा कर अलग करना जो मैदान के साफ-सफाई होगी नाले तरफ है वहां पर विभिन्न प्रजाति के 25 पौधे सुरक्षा गार्ड के साथ लगाना ऐसी कार्य योजना बनी। तथा पानी की टंकी से एक या सवा इंच की पाइप लाइन मुक्तिधाम परिसर में विस्तार करना ओर जहां आवश्यकता हो वहां पर नल के पॉइंट लगाना जिससे पौधों को पानी पिलाया जा सके साथ ही पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर की साफ सफाई वहां लगे पौधों की जल सेवा की तथा सती माता मंदिर के पास शमी के पौधे का सुरक्षा गार्ड चोरी हो गया था तो नया सुरक्षा गार्ड लगाया गया और वहां के पौधों की भी जल सेवा की गई। इस दौरान मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया विष्णुप्रसाद जोशी, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, जय हिन्द दुबे सहित अन्य लोग मुक्ति धाम में उपस्थित थे।

## ग्रहण की समाप्ति के उपरांत मंदिरों में गंगाजल से करेंगे शुद्धिकरण

# होली पर ग्रहण की छाया, नगर सहित अंचल के मंदिरों के कपाट रेंहगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

फाल्गुन की पूर्णिमा, जब धरा पर रंगों की रागिनी बिखरती है, जब गुलाल की सुगंध में प्रेम, उल्लास और सौहार्द का उत्सव झरता है उसी पावन रात्रि में इस वर्ष चन्द्रग्रहण का खगोलीय संयोग घटित हो रहा है। इस कारण सारंगपुर नगर सहित संपूर्ण अंचल के सभी प्रमुख मंदिरों के पट श्रद्धा, मर्यादा एवं शास्त्रीय परंपरा के अनुरूप बंद रखे जाएंगे। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार होली पर्व की रात्रि को चन्द्रग्रहण घटित होगा। शास्त्रों की परंपरा के अनुसार, ग्रहणकाल को अशुभ मानते हुए मंदिरों में भगवान की मूर्तियों के दर्शन, पूजन-अर्चन एवं आरती पर अस्थायी विराम दिया जाता है। इसी मर्यादा के पालन में यह निर्णय लिया गया है।



### नगर के प्रमुख मंदिर रहेंगे बंद

खेड़ापति हनुमान मंदिर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर बालरूप हनुमान मंदिर अंबिका माता मंदिर बदलीपुरा हनुमान मंदिर कपिलेश्वर महादेव मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के समस्त देवालयों के कपाट ग्रहण मंगलवार को प्रातः 06बजकर 20 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जो ग्रहण समाप्ति सायं 06बजकर 47 के पश्चात विधिवत शुद्धिकरण के बाद पुनः खोले जाएंगे।

### ग्रहण अवधि में थमेगी आरती की ध्वनि

खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं पवन पारीक ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 06 बजकर 20 बजे से ग्रहण का सूतककाल प्रारंभ होने से मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे, जो रात्रि 06 बजकर 47 बजे ग्रहण समाप्ति के उपरांत ही पुनः खोले जाएंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार का पूजन, भोग, अभिषेक अथवा धार्मिक अनुष्ठान वर्जित रहेगा। सकल ब्राह्मण समाज नगर अध्यक्ष पं संजय शर्मा ने बताया कि परंपरा, शास्त्र और श्रद्धा का त्रिवेणी संगम धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहणकाल में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, अतः देवालयों में दिव्य प्रतिमाओं को सुरक्षित एवं शुद्ध बनाए रखने हेतु पट बंद रखने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। ग्रहण की समाप्ति के उपरांत मंदिरों में गंगाजल से शुद्धिकरण, अभिषेक एवं महाआरती के साथ पुनः दर्शन प्रारंभ होंगे।

**ग्रहण की समय-सारिणी**

ग्रहण प्रारंभरू सायं 05 बजकर 59 बजे,ग्रहण समाप्त सायं 06 बजकर 47 बजे,कुल अवधिरू लगभग 48 मिनट, सूतक प्रारंभरू सुबह 06 बजकर 20 बजे,यह ग्रहण भारत सहित पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस और पाकिस्तान समेत अनेक देशों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। भारत में इसकी पूर्ण दृश्यता के कारण धार्मिक प्रभाव एवं सूतक काल पूर्णतः मान्य रहेगा।

**खबर संक्षेप**

## किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च


**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च है। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुले रहेंगे, ताकि सभी पात्र किसान अपना पंजीयन करा सकें। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस श्रेणी के किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों एवं सहकारी संस्थाओं को पंजीयन कार्य में सहयोग एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

## जिले में किया जा रहा मकानों का सूचीकरण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। हालांकि प्रथम चरण 01 मई से प्रारंभ होगा, जो 30 मई 2026 तक चलेगा, पर प्रथम चरण का कार्य अभी से ही प्रारंभ कर दिया है, ताकि कार्य को समय से पहले ही पूर्ण किया जा सके। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

### विधायक ने किया अनूठा नवाचार, महिला भजन मंडलियों की कराई भजन प्रतियोगिता

# लाडली बहनों को मिलने वाली 1500 की सम्मान निधि बढ़ाकर सरकार करेगी तीन हजार: गोपालसिंह इंजीनियर





### 31 मंडलों की 400 लाडली बाहनों ने प्रतियोगिता में लिया भाग मां वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन ने किया शानदार आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर क्षेत्र में लगातार कार्यक्रमो के माध्यम से नवाचार करते हुए सक्रिय रहते है। इस बार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो में नवाचार कार्यक्रम के तहत सभी मंदिरों की महिला भजन मंडलियों की भजन प्रतियोगिता का एक अनूठे आयोजन की शुरुआत की है। भाजपा द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर चलाये जा रहे अनेकों कार्यक्रमो,कार्यो की कड़ी में एक नये ओर अनूठे कार्यक्रम के आयोजन की शुरुआत आष्टा क्षेत्र से हुई है,उक्त कड़ी में रविवार को श्री राम मंदिर मांगलिक भवन कोठरी में माँ वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन आष्टा द्वारा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य में विधानसभा स्तरीय महिला भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, विशेष अतिथि नप कोठरी की अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति,कोठरी भाजपा मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, पूर्व अध्यक्ष रूपेश पटेल,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, गवाखेड़ा सरपंच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मां वैष्णवी संगठन की अध्यक्ष मोना राजेश मेवाडा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांता कैलाश पटेल, संयोजक रामश्री वादी, व्यवस्थापक प्रवेश शर्मा, समिति के सदस्य राजेश मेवाडा,वर्षा धारवा,पिंकी शर्मा,अमिता विश्वकर्मा की उपस्तिथि में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर भजन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की केंद्र और राज्य की सरकार मिल कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में लगातार महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर कार्य कर रही है और हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाया जा रहा है। मप्र में हमारे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जो लाडली बहना योजना शुरू की थी, जिसमे शुरुआत में बहनाओ के खाते में एक हजार हर माह सम्मान निधि डालना शुरू किया जिसे डॉ मोहन यादव जी ने बढ़ा कर 15 सौ कर दिये है,ओर आगे इसे बढ़ा कर 3 हजार किये जाएंगे।

रआप सब लाडली बहनों का आशीर्वाद मेरे साथ है। आज जो बहनों की भजन मंडलिया आई है वे अभी तक मंदिरों में बारत्योहार पर भजन करती है,आज आपको मंच उपलब्ध कराने के पीछे जो उद्देश्य है वो ये की आप आगे आये और नेतृत्व करे। नवाचार के तहत आज जो यह एक अनूठा आयोजन भजन प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है इसके पीछे जो प्रमुख उद्देश्य है वह मध्य प्रदेश कि हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव की यही सोच एवं यही उद्देश्य है की हमारी सभी लाडली बहनाओ का हर क्षेत्र में उनका मान सम्मान बड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में गायन के क्षेत्र में जो प्रतिभाएं छुपी हुई है जिन्हें कभी मंच प्राप्त नहीं होता है, ऐसी महिलाओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से मंच प्राप्त हो। उनका हर क्षेत्र में मान सम्मान बड़े। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी लाडली बहनाओं को संबोधित करते हुए घोषणा की, की यह प्रतियोगिता ऐसा नहीं है कि इसी साल होगी इस तरह की प्रतियोगिता हर साल लाडली बहनाओ के लिए पूरी विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलों में आयोजित करूंगा तथा हर वर्ष रक्षाबंधन पर भी आठो मंडलों में लाडली बहनाओ से रक्षा सूत्र बंधवाने आपका भाई आपके बीच आएगा। आपके मान सम्मान,आपकी रक्षा सुरक्षा के लिए आपका भाई विधायक हमेशा आपके लिए तत्पर है। विधायक ने कहा की आज केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार एवं प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव जी की सरकार महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर अत्यधिक गंभीर और सक्रिय है। महिलाओं के उत्थान, उनके विकास उनके मान सम्मान सुरक्षा को लेकर हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार अनेको कार्य कर रही है, तथा कई योजनाएं भी प्रारम्भ की है, जिसका लाभ आपको प्राप्त हो रहा है। आज जिले में जिला पंचायत से लेकर नगर पालिका,नगर परिषद,जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद पर महिलाए ही आसीन है ये महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान ने जब घरों में बेटी का पैदा होना अभिशाप माना जाता था इसको खत्म करने के लिए तथा बेटियों को इस संसार में आने के लिए उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की।

आज घरों में जब बेटी पैदा होती है तो खुशियां मनाई जाती है तथा वह पैदा होते ही लाडली लक्ष्मी लखपति लाडली बिटिया बन जाती है। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री जी ने जो लाडली बहन योजना प्रारंभ की थी आज हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उसे योजना को और अधिक आगे बढ़ते हुए पूर्व में जो 1000 की राशि सम्मान निधि के रूप में बहनों के खाते में भेजी जाती थी। आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वह राशि बढ़कर 1500/- प्रतिमाह हो गई है। हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषणा कि है की अब इसे हम धीरे-धीरे बढ़कर 3000/- तक लेकर जाएंगे। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में सभी अतिथियों ने सभी बहनों पर पुष्प वर्षा कर चल रहे फाग महोत्सव के दौरान बहनों का स्वागत और सम्मान किया। भजन प्रतियोगिता कार्यक्रम को कोठरी मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति,सुशील संचेती,पूर्व अध्यक्ष रूपेश पटेल,कार्यक्रम की आयोजक माँ वैष्णवी संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मोना राजेश मेवाड़ा कार्यक्रम संयोजक रामश्री वादी आदि ने भी संबोधित कर इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और रूपरेखा बताई। आयोजक माँ वैष्णवी संगठन की अध्यक्ष मोना राजेश मेवाडा ने जानकारी देते हुए बताया की उक्त विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर जी के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। प्रथम चरण में मंडल स्तर पर यह प्रतियोगिता सभी आठो मंडलो में सम्पन्न होगी। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती मोना राजेश मेवाडा ने बताया की आज कोठरी में मंडल स्तर पर प्रतिभागी मंडलियों में से श्री श्याम महिला मंडल कोठरी को प्रथम, श्री गौरी महिला मंडल कोठरी को द्वितीय एवं श्री राम महिला मंडल लसुलड़िया खास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जो मंडली प्रथम, द्वितीय, तृतीय आई उनको एवं जितनी भी मंडलियो ने प्रतियोगिता में भाग लिया उन सब को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी अतिथियों के साथ पुरुष्कृत कर सभी बहनाओ को सम्मानित किया गया। रविवार को कोठरी मंडल में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम के पवन चौक स्तिथ में आयोजित की गई थी। जिसमे कोठरी मंडल क्षेत्र की 31 महिला भजन मंडलियों की करीब 400 से अधिक महिलाएं शामिल हुई।

प्रातः 11 बजे से शुरू हुई उक्त भजन गायन प्रतियोगिता का दोपहर 3 बजे समापन हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रोहित गौतम,संदीप प्रजापति,कोठरी भाजपा मंडल के मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, कोठरी नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, रमा श्रीवादी, कांता कैलाश पटेल,मनीषा जैन को विशेष सहयोग के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्तिथ विष्णु परमार,ललित धारवा,रोहित महांकाल,धर्मेन्द्र ठाकुर, रानू परमार, वर्षा धारवा, पूजा शर्मा, अमिता विश्वकर्मा, सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर, बाबूलाल, हमीरसिंह, रामचन्द्र परमार, ओमप्रकाश, गजराजसिंह, धरम पटेल, पार्षद दिनेश चौधरी, मदन बाबा, जगदीश मेचन, देवकरण बकोरिया सहित मंचासीन अतिथियों, पत्रकारों का भी विशेष सहयोग के लिये सम्मानित कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन देवजी पटेल एवं ललित धारवा ने किया व अंत मे आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल ने किया। भजन प्रतियोगिता कार्यक्रम में कोठरी सहित आस पास ग्राम के ग्रामीण जन, मातृशक्ति, पत्रकार, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।

## साधारण सभा की बैठक में नपा ने नगर विकास के कार्यों पर लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता तथा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति सहित परिषद सदस्यों की विशेष उपस्थिति में नगरपालिका के सभागार में संपन्न हुआ। नगर विकास की इस महत्वपूर्ण बैठक में 51 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ, उक्त सभी पर एकमत होकर निर्णय लेकर सर्वसम्मति से पारित हुए। नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में परिषद ने इंदौर नाका से पार्वती पुल तक रोड़ चौड़ीकरण, डिवाईडर एवं डिवाईडर पोल तथा लाईट स्थापन कार्य को स्वीकृत किया, वहीं रेस्ट हाउस के पीछे स्थित विसर्जन कुंड का सीसीकरण कर व्यवस्थित किए जाने पर भी विचार किया।

साथ ही रेस्ट हाउस के सामने दुकान निर्माण कार्य की प्राप्त निविदा दरों को स्वीकृति प्रदान की। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद बैठक में वार्ड 4 स्थित पुरानी तहसील के पास लगभग 5 लाख लीटर क्षमता की नवीन पानी की टंकी का निर्माण करने एवं वार्ड 6 रेतीघाट पर इंटेकवेल का निर्माण करने पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार वार्ड 9 में स्थित सामुदायिक भवन के पीछे निर्मित आंगनबाड़ी के आसपास बाउंड्रीवाल निर्माण, वार्ड 11 में पशु चिकित्सालय के पीछे अस्थाई मीटर मार्केट को व्यवस्थित करने, पुराना बसस्टैंड स्थित पुराने पैशाबघर का नवीनीकरण करने, पिछड़ा वर्ग गरीब बस्ती में नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सामुदायिक भवन निर्माण करने, हाथीखाना क्षेत्र में निर्मित पुरानी नाली एवं क्रासिंग के चौड़ीकरण करने, वार्ड 14 में निर्मित पुराना वाचनालय का पुर्नविकास करने, वार्ड 15 में गाड़िया लौहार बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण करने, पुरानी सब्जी मंडी के पुर्नविकास करने पर परिषद ने मुहर लगाई है।

नए बसस्टैंड स्थित यात्री प्रतिक्षालय का होगा पुर्ननिर्माण - सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि वार्ड 18 स्थित नए बसस्टैंड पर निर्मित जर्जर यात्री प्रतिक्षालय का पुर्ननिर्माण करवाने एवं परिसर में डामरीकरण कार्य करने पर विचार किया गया। मैकेनिक नगर में डामरीकरण सीसीकरण कार्य करने पर स्वीकृति व्यक्त की वहीं वार्ड 11, 12, 17 एवं 18 के मध्य अंडरग्राउंड आरसीसी नाले की प्राप्त दरों को परिषद द्वारा स्वीकृत किया गया। परिषद की इस महत्वपूर्ण बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष श्रीमती सिद्दीका भूरू खां, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, डॉ. राजकुमार मालवीय, हिफ्फजुर्रहमान भैया मियां, राशिदा हुसैन, मेहमूद अंसारी, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, लता तेजपाल मुकाती सहित नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## सकल हिन्दू समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के स्थानीय गोकुल धाम में सकल हिन्दू समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नगर में चल रही होली आयोजनों की श्रृंखला में यह कार्यक्रम सामाजिक एकता, समरसता एवं आपसी भाईचारे का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा। समारोह में विभिन्न समाजों के अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे एवं मीडिया प्रभारी आनंद गोस्वामी ने बताया कि होली के पावन अवसर पर आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, सौहार्द एवं संगठन की भावना को सुदृढ़ करना है।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थितिकार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, एस.डी.ओ.पी. दामोदर गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव, नगर पुरोहित मनीष पाठक, कथावाचक मिट्ठूपुरा सरकार , डॉक्टर जी डी सोनी, अर्चना सोनी, देवकरण मालवीय,सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।पत्रकार बंधुओं में राकेश बैरागी, ओमकार सिंह, कृष्णा पटेल, श्रीमती किरण दीदी, जहूर मंसूरी, ईसराहील मंसूरी, बाबूलाल सिसोदिया आदि का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। समाज अध्यक्षों की गरिमामयी सहभागितासमारोह में नगर के विभिन्न समाजों के अध्यक्षों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। खंडेलवाल, वाल्मीकि, कोरी, जयसवाल, किरार, मालवीय, पोरवाल, आदिवासी, खत्री, जैन, दर्जी महेश, ताम्रकार, यादव, गोस्वामी, सेन, खटीक, पांचाल, रैकवार, माली एवं विश्वकर्मा समाज सहित अनेक समाजों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।विधायक का एकता संदेशमुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। समारोह के उपरांत सभी ने सामूहिक रूप से स्नेहभोज ग्रहण कर आपसी सौहार्द का परिचय दिया।इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा एवं सचिव मनीष डोंगरे ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन संयोजक मुकेश नामदेव ने व्यक्त किया।यह आयोजन नगर में सामाजिक समरसता, संगठन शक्ति एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### बैठक में भावसर समाज की नवीन कार्यकारिणी का किया गठन

# पारंपरिक रूप से मनाएंगे माता हिंगलाज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भावसार समाज प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ पारंपरिक रूप से माता हिंगलाज की जयंती मनाएगा। भव्य विशाल आयोजन की तैयारी को लेकर समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।भावसार धर्मशाला कस्बा में भावसार समाज की बैठक आयोजित की गई। माता हिंगलाज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवित कर वरिष्ठ संरक्षक मोहनलाल भावसार,ओमप्रकाश भावसार, प्रहलाद भावसार, शिव प्रसाद भावसार, विष्णु भावसार कमल भावसार, राधे श्याम भावसार, सीताराम भावसार, राजेश भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, दीनदयाल भावसार रामेश्वर भावसार लक्ष्मी नारायण भावसार के द्वारा किया गया।

सर्व सहमति से अध्यक्ष कमल किशोर भावसार, उपाध्यक्ष केशरीमल भावसार, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र भावसार सचिन नवीन भावसार, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी आशीष भावसार को चुना गया।नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंशुल भावसार को मनोनीत किया गया। आगामी 17 मार्च को मां हिंगला जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई शुभकामनाएं दी गई। पूर्व अध्यक्ष प्रकाश भावसार ने आभार व्यक्त किया।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रमोद भावसार पंकज भावसार जगदीश भावसार राकेश भावसार गिरीश भावसार, संजय भावसार,घनश्याम भावसार,शिवम भावसार अंकित भावसार विक्की भावसार सन्नी भावसार रवि भावसार सुभाष,भावसार, जितेंद्र भावसार विक्रम भावसार, भारत भावसार, राहुल भावसार, रोहित भावसार अक्षय भावसार, सुमित भावसार दीपेश भावसार ललित भावसार सहित संख्या में समाजजन सम्मिलित रहे।

## हर्ष उल्लास से मनेगा रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में परम्परा अनुसार विभिन्न मोहल्लों में विधिविधान से होली की पूजा अर्चना पश्चात दहन किया जाएगा। नगर में हर्षोल्लास के साथ,पंच दिवसीय होली पर्व मनाई जावेगी। विगत दिन हिन्दू उत्सव समिति एवं हिन्दू समाज की प्रबंध समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि,दिनाँक 3 मार्च 2026 को होलिका दहन पश्चात सुबह 9 बजे शोक गैर निकाली जाएगी,जिसमे गमी वाले घर पहुंचकर,रंग गुलाल किया जावेगा। 4 मार्च बुधवार को बड़े बाजार में गणेश होली, 5 मार्च गुरुवार को राम मंदिर बुधवारा में तथा 6 मार्च शुक्रवार को राधाकृष्ण होली नजरगंज में एवं 7 मार्च शनिवार को भाऊ बाबा मंदिर व कॉलोनी चौराहा तथा 8 मार्च रविवार, रंगपंचमी को महादेव की होली मनाई जावेगी। रंगपंचमी का जुलूस अस्पताल चौराहा परदेशीपुरा से प्रारम्भ होकर बुधवारा, गल चौराहा,मानसभवन, सुभाष चौक से नजरगंज, सिकंदर बाजार, बड़ा बाजार से होकर पुरानी सब्जी मंडी में समापन होगा।रंगपंचमी के जुलूस क़् स्वागत,बिभिन्न समाज संगठनों, मंदिर समितियों के द्वारा किया जावेगा।इस हेतु मोहल्ले वार, प्रभारियों को नियुक्त किया गया है,ताकि होली सद्भावना एवं सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में उत्साह पूर्वक,मने।हिन्दूत्सव समिति एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने सभी से अपील की है,कि होली का त्यौहार उल्लास व भाईचारे का त्यौहार है।जिसे हम सभी मिलजुल कर मनाएं। नगरपालिका द्वारा होली दहन के स्थानों पर मिट्टी एवं पानी की रंग खेलने हेतु की पर्याप्त व्यवस्था की है।प्रशासन द्वारा भी सभी नगरवासियों से कहा गया है,कि कोई भी नशा करके वाहन न चलावें, फालतू की हुदडंगबाजी न करें। पुलिस की माकूल व्यवस्था रहेगी,अवांछित गतिविधियों पर नजर रखी जावेगी।प्रसाशन द्वारा केमिकल युक्त रंगों का उपयोग न करने की सलाह भी दी है।